दैनिक भास्कर जोधपुर 29-10-2020

कमला नगर हॉस्पिटल

# मरीज के गुर्दे से निकाली 200 से ज्यादा पथरी

जोधपुर| कमला नगर हॉस्पिटल में जैसलमेर निवासी शंकरराम सुथार (43) का गुर्दे का जटिल ऑपरेशन दूरबीन से किया गया। शंकरराम के पेट में दर्द रहता था। जांच कराने पर उनके गुर्दे में 200 से अधिक पथरी पाई गई। कमला नगर हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रकाश चौधरी ने बिना चीरफाड़ के दूरबीन से इतनी सारी पथरी निकाल सफल ऑपरेशन किया। एक ही मरीज के गुर्दे में 200 से ज्यादा पथरी निकलना बहुत ही दुर्लभ है। संचालक डॉ. राम गोयल ने बताया कि पहले लॉकडाउन व कोरोना की परिस्थितियों के कारण गुर्दे की तकलीफ वाले मरीजों में तकलीफ बढ़ी है।

